आकाशवाणी शिमला
11.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों को एम.एस.पी और अन्य योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। उन्होंने ज्वाली में स्थानीय नागरिकों से संवाद में कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य हर नागरिक को शासन की मुख्य धारा से जोड़ना है। चंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और गरीब व वंचित वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। चंद्र कुमार ने ये भी कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विकसित किए जा रहे हैं।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार सड़कों के विस्तारीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत भराड़ा पंचायत में अप्पर जैशीधार सम्पर्क सड़क के शिलान्यास के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सलापड़–तत्तापानी सड़क के निर्माण पर सरकार 2 सौ करोड़ रूपये खर्च कर रही है जबकि सुन्नी–लुहरी सड़क को 70 करोड़ रूपये की लागत से चौड़ा किया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लुहरी–सुन्नी निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजना के प्रभावितों के हित उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि विस्थापित सभी 43 परिवारों को परियोजना के आस–पास ही उचित स्थान पर बसाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनी।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सरकार द्वारा बार–बार पंचायतों में आरक्षण रोस्टर बदले जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा अध्यक्ष ने आज शिमला में कहा कि पंचायत आरक्षण रोस्टर को बार–बार बदलना गलत है और सरकार ऐसा कर चुनावों में धांधली का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के हर रोज बदलते फैसलों से जनता बुरी तरह त्रस्त है और उनका सरकार से पूरी तरह से भरोसा उठ गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और अब जनता ने उसे उखाड़ फैकने का मन बना लिया है।

अनुराधा राणा

लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने ग्राम्फू–काजा–सुमदो सड़क को बहाल करने के कार्य में हो रही देर पर नाराजगी जताई है। उन्होंने आज सड़क बहाली के कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित कम्पनी को कार्य में तुरंत तेजी लाने के निर्देश दिए। अनुराधा राणा ने ये भी कहा कि यदि काम में लापरवाही जारी रही तो संबंधी कम्पनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रीना कश्यप

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व विधायक रीना कश्यप ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ऐतिहासिक और युगांतकारी निर्णय बताया है। रीना कश्यप ने आज शिमला में कहा कि इस कानून के माध्यम से देश की महिलाओं को राजनीति में सशक्त भागीदारी और नेतृत्व का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल आरक्षण का विषय नहीं बल्कि देश के भविष्य और समावेशी विकास से जुड़ा हुआ निर्णय है। रीना कश्यप ने कहा कि जब महिलाएं नेतृत्व में आती है तो शासन अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और जनकेन्द्रित बनता है।

सूही मेला

चंबा वासियों की प्यास बुझाने के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाली रानी सुनयना की पावन स्मृति में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक सूही मेला आज धूमधाम के साथ आरंभ हो गया। तीन दिन तक चलने वाले इस पारम्परिक मेले का शुभारंभ राजमहल परिसर में रानी सुनयना की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस मौके पर राज परिवार की सदस्य व पूर्व मंत्री आशा कुमारी ने कहा कि ये मेले ऐतिहासिक है और इसे भविष्य में राज्य स्तर का दर्जा दिया जाएगा।

मान्यता है कि रियासत काल में चंबा में पानी की भयंकर कमी हो गई थी तभी रानी सुनयना को स्वप्न में संकेत मिला की राजघराने की सदस्य के बलिदान से ही जल संकट समाप्त होगा। इसके बाद रानी सुनयना ने स्वयं बलिदान देने का निर्णय लिया और मलूण में समाधि ली। कहा जाता है कि उनके बलिदान के बाद वहां जलधारा फूटी, जिसका उपयोग आज भी स्थानीय लोग करते हैं।